

# अखंड भारत समाचार



पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए सोमवार,25 मई 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:02


विज्ञापन दें














विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
8708565733


## ईरान से समझौते पर किन बातों को लेकर बंटे राष्ट्रपति ट्रंप की पार्टी के सांसद



रविवार को अमेरिका और ईरान के बीच किसी समझौते पर पहुंचने को लेकर काफी हलचल देखने को मिली.
रविवार को दिन में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान के साथ संभावित समझौते के संकेत दिए. उन्होंने कहा कि 'शायद आज थोड़ी देर में और ख़बरें सामने आएंगी.'
लेकिन रात तक यह तस्वीर साफ हो गई कि फिलहाल दोनों देशों के बीच कोई समझौता नहीं हो रहा है.
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा है कि ईरान के साथ समझौते की बातचीत चल रही है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्षों को समय लेकर सही तरीके से करना चाहिए. ट्रंप ने ये भी साफ़ कर दिया कि ईरान को समझना होगा कि वह परमाणु हथियार नहीं बना सकता. वहीं उन्होंने अमेरिकी वार्ताकारों को निर्देश दिया है कि किसी भी समझौते में जल्दबाज़ी न करें.

## पेट्रोल, डीज़ल के दाम फिर बढ़े, जानिए अब कितने रुपए लीटर मिलेगा



मध्य पूर्व के संकट की असल मार अब भारतीयों पर दिखने लगी है. ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पिछले दो हफ्तों में चौथी बार पेट्रोल, डीज़ल के दाम बढ़ाए है
डीज़ल की कीमतों में भी प्रति लीटर 2 रुपये 71 पैसे की बढ़ोतरी हुई है. अब दिल्ली में डीज़ल का भाव 95 रुपये 20 पैसे प्रति लीटर हो गया है.
दिल्ली के अलावा कोलकाता में पेट्रोल की कीमतें 2.87 रुपये बढ़कर 113.51 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं, जबकि मुंबई में 111.21 रुपये प्रति लीटर.
पेट्रोल 87 पैसे और डीज़ल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था.

गौरतलब है कि इस महीने सबसे पहले 15 मई को पेट्रोल-डीज़ल के दाम तीन रुपये प्रति लीटर बढ़ाए गए थे. इसके बाद 19 मई को भी क़रीब 90 पैसे की दूसरी बढ़ोतरी हुई.

## ट्रंप की आंखों में धूल झोंक रही CIA? ईरान के असली 'पावर सेंटर' को लेकर हुआ खुलासा, सच छिपा रहा है US!



रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाते हुए मिसाइलों और ड्रोनों से बड़ा हमला किया. इस एयर स्ट्राइक में कई रिहायशी इमारतों और स्कूलों को भारी नुकसान पहुंचा है. इस हमले में 4 लोगों की मौत होने की भी खबर है.

कीव में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे (भारतीय समयानुसार तड़के) एक के बाद एक कई जोरदार धमाके सुनाई दिए. इन धमाकों से ठीक पहले यूक्रेन की एयरफोर्स ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक चेतावनी जारी की थी. एयरफोर्स ने कहा था कि रूस उनके खिलाफ अपनी बेहद खतरनाक 'ओरेशनिक' इंटरमीडिएट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च कर सकता है
कीव के मेयर के मुताबिक, प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है. मलबे को हटाने और घायल लोगों की मदद के लिए रेस्क्यू टीमें तैनात हैं. हमले के बाद पूरे यूक्रेन में एयर डिफेंस सिस्टम को हाई अलर्ट पर रखा गया है.. सीआईए के बार फिर से ईरान को भांपने में नाकाम रहा है। ईरान ने अमेरिका के सामने झुकने से इनकार कर दिया है।

## कद्दू कटेगा, सबमें बंटेगा... होर्मुज पर ईरान ने रख दी वो शर्त, सोच में पड़ जाएंगे सारे देश- करें तो क्या?



प्रेस कॉन्फ्रेंस में बघेई ने कहा कि होर्मुज का मैनेजमेंट तटीय देशों के अधिकार क्षेत्र में है. ईरान ने कहा है कि हम सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए आस-पास के देशों के साथ संपर्क में हैं. ईरान की ओर से दो दिन पहले भी ओमान के साथ होर्मुज को मैनेज करने का प्रस्ताव दिया गया था कि दोनों देश मिलकर इस पर कोई व्यवस्था बनाएं. इतना ही नहीं पहले दौर की युद्धविराम वार्ता के बाद भी ईरान ऐसा ही चाहता था लेकिन ओमान इस पर राजी नहीं था और उसने होर्मुज को फ्री शिपिंग का रास्ता बनाने की वकालत की थी. ईरान ने होर्मुज पर टोल के मुद्दे को दूसरा रुख दे दिया है. अमेरिका ने कहा कि वो होर्मुज पर टोल टैक्स वसूलने के हक में नहीं है, जिसके बाद ईरान की ओर से सुविधा शुल्क की बात की जा रही है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्त बघेई की ओर से टैक्स नहीं, लेकिन फीस वाली शर्त को चतुराना रुख माना जा रहा है. ईरान लंबे समय से होर्मुज को अपनी रणनीतिक संपत्ति मानता आया है. युद्ध के दौरान उसने इसे बंद कर दिया था, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हुई. अब शांति समझौते की चर्चा के बीच बघेई ने कहा कि ईरान टोल नहीं लेगा, लेकिन जहाजों को सुरक्षा, नेविगेशन सहायता और अन्य सेवाएं देने के बदले उचित शुल्क लेना उसका अधिकार है. होर्मुज को लेकर ईरान अपना दावा किसी भी तरह से नहीं छोड़ना चाहता क्योंकि उसे पता है कि आगे कभी युद्ध हुआ, तो ये ही वो नस है, जिसे दबाकर वो दुश्मन को मुट्ठी में रख सकता है. अमेरिका इसीलिए होर्मुज को फ्री कराना चाहता है लेकिन ईरान कान इधर से नहीं तो उधर से पकड़ रहा है.

# इबोला वायरस ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित, भारत अलर्ट पर, इससे कांगो में 20 दिनों में 200 की मौत



वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) ने इबोला वायरस को ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है। इसके बाद भारत सरकार ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। खास तौर पर कांगो, युगांडा और सूडान की यात्रा करने वालों को सावधान रहने को कहा गया है। सरकार ने कहा है कि इन देशों से लौटने वाले लोग अगर बुखार, कमजोरी, उल्टी, दस्त, गले में दर्द या शरीर में दर्द जैसे लक्षण महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को बताएं। एयरपोर्ट पर भी जांच बढ़ा दी गई है।
कांगो में पिछले 20 दिनों में करीब 200 लोगों की मौत हो चुकी है। वहां इबोला का डर इतना बढ़ गया है कि सैनिटाइजर और मास्क की कीमत कई गुना बढ़ गई है। अस्पतालों पर भी दबाव बढ़ रहा है।
अमेरिका ने कांगो, युगांडा और रवांडा से आने वाले यात्रियों की एयरपोर्ट पर जांच शुरू कर दी है। यात्रियों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है। चीन ने भी इबोला को लेकर चेतावनी जारी की है। अफ्रीकी देशों से आने वाले यात्रियों पर नजर रखी जा रही है।

## मैं T20 में 200 रन बनाऊंगा...', 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने कर दिया बड़ा ऐलान




इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 में तूफानी बल्लेबाजी अंदाज से सनसनी मचाने वाले वैभव सूर्यवंशी अब अपने बयान की वजह से चर्चा में हैं. महज 15 साल की उम्र में इस युवा बल्लेबाज ने ऐसा दावा किया है जिसने क्रिकेट जगत को चौंका दिया. इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के साथ बातचीत में वैभव ने साफ कहा कि उन्हें सिर्फ फिफ्टी या सेंचुरी बनाकर संतुष्टि नहीं मिलती. उनका असली सपना T20 क्रिकेट में 200 रन बनाना है.

जब केविन पीटरसन ने पूछा कि क्या उन्हें अर्धशतक सेलिब्रेट करना पसंद है, तो वैभव सूर्यवंशी ने बेझिझक कहा, 'नहीं, इतना ज्यादा नहीं.' इसके बाद उन्होंने अपनी सबसे बड़ी महत्वाकांक्षा का खुलासा किया. वैभव सूर्यवंशी कहते हैं, 'मैं T20 में 200 रन बनाना चाहता हूं. मैं उनका (गेल) रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं.'

वैभव सूर्यवंशी यहां क्रिस गेल के 175 रन के रिकॉर्ड की बात कर रहे थे. गेल ने आईपीएल 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के लिए खेलते हुए पुणे वॉरियर्स इंडिया (PWI) के खिलाफ नाबाद 175 रन बनाए थे, जो आज भी T20 इतिहास का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है

## 25,846 रनों के साथ हुआ IPL 2026 लीग स्टेज का अंत, RCB-PBKS नहीं सबसे ज्यादा



IPL 2026 लीग स्टेज का अंत हो गया है। 70 मैचों के घमासान के बाद 4 टीमें -डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स- प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में कामयाब रहीं। क्वालीफायर-1 आरसीबी वर्सेस जीटी के बीच मंगलवार 26 मई को खेला जाएगा, वहीं एलिमिनेटर में एसआरएच वर्सेस आरआर मैच बुधवार, 27 मई को होगा। दोनों ही मुकाबले धर्मशाला के खूबसूरत मैदान पर खेले जाने हैं। लीग स्टेज का अंत होने के बाद तरह-तरह के आंकड़े सामने आ रहे हैं। आपको यह जानकर हैरानी जरूर होगी  कि लीग स्टेज के 70 मुकाबलों में कुल 25,846 रन बने थे, जिसमें 16,790 रन सिर्फ चौके-छक्कों से आएं। आईए एक नजर उन टीमों पर डालते हैं, जिन्होंने लीग स्टेज के दौरान सबसे ज्यादा रन बनाए। विस्फोटक बल्लेबाजों से भरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल 2026 लीग स्टेज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीम रही। एसआरएच ने कुल 2,854 रन बनाए। लीग स्टेज के दौरान 10 में से 9 टीमें 2500 रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब रही, सिर्फ एक टीम ऐसी थी जो इस लिस्ट से बाहरै है, उस टीम का नाम कोलकाता नाइट राइडर्स है।

## ग्लिच था या गेम खेल रहे', पलभर में इंस्टा डिएक्टिवेट कर वापस लौटे सलमान खान, चकराए यूजर्स



Salman Khan का इंस्टाग्राम पेज ओपन करने पर “User Not Found” दिख रहा था, जिससे फैंस परेशान हो गए. लेकिन अब एक्टर का अकाउंट वापस से एक्टिव दिखा रहा है. बीते दिनों सलमान के सोशल मीडिया पर जो कुछ भी चल रहा है- फैंस उससे चकरा गए हैं. बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को लेकर सोशल मीडिया पर बड़ी चर्चा शुरू हो गई है. सलमान का इंस्टाग्राम अकाउंट अचानक गायब हो गया. उनका ऑफिशियल अकाउंट ‘beingsalmankhan’ कुछ देर के लिए ओपन नहीं हो रहा था और उस पर “User not found” लिखा दिखाई दे रहा था. इसके बाद फैंस के बीच हलचल तेज हो गई. लेकिन महज कुछ मिनट के लिए सलमान इंस्टा गायब हुए थे. उनकी आईडी अब रिएक्टिवेट हो चुकी है. माना जा रहा था कि सलमान खान ने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट या फिर अस्थायी तौर पर डिएक्टिवेट कर दिया.


OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) –
Global Strategic Partner
of Antra Group
Antra™
Antra Developers
ANTRA
DEVELOPERS
India's Fastest Growing
Real Estate Company
हर कदम भरोसे का,
हर दिशा विकास की
RESIDENTIAL PLOTS
INDUSTRIAL PLOTS
COMMERCIAL PLOTS
SMART PLANNING BRIGHT FUTURE
DEALING IN DHOLERA SMART CITY PLOTTING
TRUSTED NAME
Built on Trust,
Driven by Results
FUTURE-READY INVESTMENT
High Growth.
High Returns.
INDIA'S ONE OF THE LARGEST GROWING COMPANIES
Strong Foundation.
Stronger Future.
CLEAR TITLES TRANSPARENT DEALING
Your Trust,
Our Responsibility.
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com
Call / WhatsApp:
7878781509 | 8708565733
www.antradevelopers.com


OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) –
Global Strategic Partner of Antra Group
Antra™
Antra Developers
ANTRA DEVELOPERS
भारत की सबसे तेजी से बढ़ती रियल एस्टेट कंपनी
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
भरोसा हमारा
सम्पत्ति आपकी
रेसिडेंशियल प्लॉट
इंडस्ट्रियल प्लॉट
कमर्शियल प्लॉट
भारत की एक तेजी से बढ़ती कंपनी
भविष्य के लिए तैयार निवेश
भरोसेमंद नाम बेहतरीन काम
आज ही अपना प्लॉट बुक करें
info@antradevelopers.com
Call / WhatsApp:
7878781509 | 8708565733
www.antradevelopers.com


OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) –
Global Strategic Partner of Antra Group
Antra
Antra Developers
ANTRA
DEVELOPERS
भारत की सबसे तेजी से बढ़ती रियल एस्टेट कंपनी
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
रेसिडेंशियल
जीवन को बेहतर बनाने वाले प्रोजेक्ट्स
इंडस्ट्रियल
व्यापार को नई ऊंचाइयों तक
कमर्शियल
आपके बिज़नेस के लिए सर्वोत्तम स्पेस
इन्फ्रास्ट्रक्चर
भविष्य के भारत की मजबूत नींव
क्यों चुनें ANTRA DEVELOPERS?
तेजी से बढ़ती कंपनी
विश्वसनीयता और पारदर्शिता
भविष्य-रेडी निवेश अवसर
मजबूत नेटवर्क और अनुभव
निवेश करें आज,
सुरक्षित भविष्य बनाएं कल
अपना प्लॉट बुक करें अभी!
रेसिडेंशियल | इंडस्ट्रियल | कमर्शियल
भारत की सबसे तेजी से बढ़ती कंपनियों में से एक
फ्यूचर-रेडी निवेश | भरोसेमंद नाम
info@antradevelopers.com | कॉल / व्हाट्सएप: 7878781509 | 8708565733 | www.antradevelopers.com



## Delhi Weather: दिल्ली में बिगड़ने वाला है मौसम, 50 की स्पीड से चलेगी हवा; IMD का नया अपडेट

नई दिल्ली: दिल्ली में मौसम एक बार फिर से बिगड़ने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक 28 मई से लेकर 30 मई के बीच बारिश और तेज आंधी चलने की चेतावनी है। हालांकि, आज यानी 25 मई को भी हल्की बारिश और आंधी की चेतावनी है। बता दें कि राजधानी दिल्ली में बीते 9 दिनों से तापमान 40 डिग्री से उपर बना हुआ है। इस बीच आज यानी सोमवार दोपहर बाद बादल छा सकते हैं। कुछ समय के लिए मामूली बूंदाबांदी पड़ सकती है। हालांकि, अधिक राहत नहीं मिलेगी। दिल्ली में अभी 3 दिनों तक लू की स्थिति बनी रह सकती है। गर्मी से बड़ी राहत के लिए 28 मई की शाम तक का इंतजार करना होगा। इसके बाद राहत वाली बारिश आएगी। इस बारिश की वजह से तापमान में करीब 6 से 7 डिग्री की कमी आ सकती है।











